# ED-203

M.A. 1st Semester
Examination, March-April 2021

## HINDI

Paper - III

## आधुनिक काव्य - I
## (द्विवेदी युगीन एवं छायावाद काव्य)

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) उस रूदन्ती विरहिणी के रूदन-रस के लेप से,
और पाकर ताप उसके प्रिय-विरह-विक्षेप से,
वर्ण-वर्ण सदैव जिनके हों विभूषण कर्ण के,
क्यों न बनते कविजनों के ताम्रपत्र सुवर्ण के ?

***अथवा***

सखि, मैं भव-कानन में निकली
बनके इनकी वह एक कली।
खिलते-खिलते जिससे मिलने
उड़ आ पहुँचा हिल हेम-अली।
मुसकाकर अलि, लिया उसको

बत लौं यह कौन बयार चली
'पथ देखा जियो' यह गूँज यहाँ
किस ओर गया वह छोड़ छली ?

(ख) इस दुखमय जीवन का प्रकाश!
नभ नील लता की डालों में उलझा अपने सुख से हताश,
कलियाँ जिसको मैं समझ रहा वे काँटे बिखरे आस-पास
कितना बीहड़ पथ चला और पड़ रहा कहीं थककर नितांत
उन्मुक्त शिखर हँसते मुझ पर रोता मैं निर्वासित अशांत।

***अथवा***

स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर-फिर संशय
रह-रह उठता जग-जीवन में रावण-जय-भय,
जो नहीं हुआ आज तक हृदय रिपु-दभ्य-श्रान्त,
एक भी अयुत-लक्ष में रहा जो दुराक्रांत,
कल लड़ने को हो रहा विकल वह बार-बार,
असमर्थ मानता मन उद्यत हो हार-हार।

(ग) धन्ये, मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित कर न सका।
जाना तो अर्थागमोपाय,
पर रहा सदा सकुचित-काय
लखकर अनर्थ आर्थिक पथ पर
हारता रहा मैं स्वार्थ समर।

***अथवा***

पथ को न मलिन करता आना,
पद-चिन्ह न दे जाता जाना,
सुधि मेरे आगम की जग में
सुख की सिहरन हो अन्त खिली
विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना, इतिहास यही,
उमड़ी कल थी मिट आज चली।

**2.** राष्ट्रकवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त जी का मूल्यांकन कीजिए। 10

***अथवा***

साकेत के नवम् सर्ग में करुणा और लोकमंगल की भावना की विवेचना कीजिए।

**3.** कामायनी में बुद्धिवाद के विकास-क्रम को स्पष्ट कीजिए। 10

***अथवा***

कामायनी छायावाद की उच्च कोटि की रचना है। समझाइए।

**4.** ''निराला के काव्य में विद्रोह का मुखर स्वर है तो दूसरी ओर मानवीय नियति और विवशताओं की करुण रागिनी भी।'' इस कथन की विवेचना कीजिए। 10

***अथवा***

महादेवी वर्मा की काव्य-कला की समीक्षा कीजिए।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) श्रीधर पाठक का साहित्य-संसार

(*ii*) 'साकेत' की नायिका कौन हैं ?

(*iii*) 'आकाशदीप' किसकी रचना है?

(*iv*) जयशंकर प्रसाद की भाषा की प्रमुख विशेषता।

(*v*) 'स्पर्धा में जो उत्तम ठहरें वे रह जाते।' यह पंक्ति कामायनी के किस सर्ग की है?

(*vi*) निराला जी के किन्हीं तीन रचनाओं के नाम बताइए।

(*vii*) 'राम की शक्ति पूजा' किस प्रकार की रचना है?

(*viii*) मुकुटधर पाण्डेय की रचनाएँ।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** अति लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) 'हम कौन थे? क्या हो गए? क्या होंगे अभी?' किस कवि की पंक्ति है?

(*ii*) जयशंकर प्रसाद का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(*iii*) किन्हीं दो छायावादी कवियों के नाम बताइए।

(*iv*) कामायनी में कितने सर्ग हैं?

(*v*) 'तुलसीदास' किस कवि की रचना है?

(*vi*) 'रूपसी तेरा केश-पाश' किसकी रचना है?

(*vii*) 'ग्राम्या' के रचयिता कौन हैं?

(*viii*) ''छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।'' किसने कहा?

(*ix*) छायावाद की काल-सीमा बताइए।

(*x*) हरिऔध जी के दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(*xi*) 'जूही की कली' किसकी काव्य रचना है?

(*xii*) छायावाद को छायावाद नाम किसने दिया?

---